DAKSHATA

ऑब्जेक्टिव आधारित प्रशिक्षण पूर्व/प्रशिक्षण पश्चात् चिकित्सकीय परीक्षा (ऑब्जेक्टिव स्ट्रक्चर्ड क्लिनिकल एक्ज़ामिनेशन या इवेल्यूएशन–OSCE)

प्रतिभागी संख्या ...................................                                        दिनांक ..................................

स्टेशन 1: प्रसव की तीसरी अवस्था का सक्रिय प्रबंधन

स्थिति: प्रसव का दूसरा चरण तुरंत समाप्त हुआ है। अब आंवल को तीसरे चरण के सक्रिय प्रबंधन द्वारा बाहर निकालें।

अवलोकन करें कि निम्न काम तीसरी अवस्था के सक्रिय प्रबंधन में प्रतिभागी द्वारा सही क्रम तथा सही तकनीक का इस्तेमाल करते हुए प्रदर्शित किये जा रहे हैं।

| क्र.सं. | चरण | हाँ/नहीं/अंक | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रारंभिक कदम – पेट पर हाथ रख कर जाँच करती है कि एक और बच्चा तो नहीं है। | 1 | |
| 2. | बच्चेदानी को संकुचित करने के लिए 10 IU इंजेक्शन ऑक्सिटोसिन इन्ट्रा मस्क्युलर (IM) या 3 गोली (600ug) मिसोप्रोस्टॉल खाने को देती है। | 1 | |
| 3. | यूटेरस में संकुचन के दौरान ही नियंत्रित नाल खिंचाव/कंट्रोल्ड कॉर्ड ट्रेक्शन (CCT) कर के आँवल और झिल्लियों को बाहर निकालती है | 1 | |
| 4. | बच्चेदानी की मालिश करती है | 1 | |
| 5. | योनि और पेरीनियम का परीक्षण करती है | 1 | |
| 6. | आंवल, झिल्लियों और नाल का परीक्षण करती है<br>अ. आंवल की बच्चेदानी की ओर वाली सतह<br>ब. शिशु की ओर वाली सतह<br>स. झिल्लियाँ<br>द. नाल | 1 | |
| 7. | उपयोग में आये औज़ारों को 0.5 प्रतिशत क्लोरीन (0.5% chlorine) घोल में विसंक्रमण (decontamination) करने के लिए 10 मिनट तक डुबो कर रखती है | 1 | |
| 8. | सुई और सिरिन्ज को विसंक्रमित करती है या निस्तारण करती है | 1 | |
| 9. | अपने दस्ताने पहने दोनों हाथों को 0.5 प्रतिशत क्लोरीन घोल में डुबोती है | 1 | |
| 10. | अपने हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोती है और हवा में सुखाती है | 1 | |

*कुशलता के अंक = 8/10 (80%)*

*प्रतिभागी के अंक = ................./10*

*परिणाम–कुशल/सुधार की ज़रूरत है (उचित परिणाम पर गोला बनाएँ)*

स्टेशन 2: नवजात शिशु का पुनर्जीविकरण (रीसेसिटेशन)

केस: आप एक माँ की देखभाल कर रही हैं जो 35 सप्ताह की गर्भावस्था के शिशु को जन्म देने वाली है और पानी/लाइकर में मीकोनियम है। आप बच्चे के लिए क्या–क्या तैयारी करेंगी? बच्चा पैदा होने के बाद रो नहीं रहा है। प्रदर्शित करें कि आप बच्चे को कैसे रिसेसिटेट करेंगी?

| क्र.सं. | चरण | अंक | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | निम्न के साथ तैयार है<br>▪ बैग और मास्क<br>▪ सक्शन उपकरण<br>▪ रेडियेंट वार्मर या गरम करने का कोई स्त्रोत<br>▪ दो गरम तौलिये<br>▪ सैकेण्ड की सुई वाली घड़ी<br>▪ ऑक्सीजन उपकरण<br>▪ दस्ताने<br>▪ शोल्डर रोल<br>▪ कॉर्ड टाई/कॉर्ड क्लैम्प<br>▪ कैंची<br>▪ स्टेथोस्कोप | 1 | |
| 2. | माँ के पेट पर ही शिशु के साँस लेने/रोने की जाँच करती है और मुँह तथा नाक का सक्शन (suction) करती है | 1 | |
| 3. | जल्दी से शिशु को सुखाती है, गीले तौलिये को हटा कर दूसरे गरम सूखे तौलिये में शिशु को लपेटती है। | 1 | |
| 4. | शिशु साँस का आकलन करती है। | 1 | |
| 5. | यदि शिशु साँस नहीं ले रहा तो, नाल को तुरन्त क्लैम्प कर के काटती है। | 1 | |
| 6. | शिशु को एक गरम सख़्त और सपाट जगह (रेडियेंट वार्मर) पर रखती है | 1 | |
| 7. | शोल्डर रोल को शिशु के कंधे के नीचे लगा कर शिशु की गर्दन को थोड़ा सा एक्स्टेंड करती है।<br>मुँह और नाक का सक्शन करती है<br>शिशु की पीठ को दो बार हल्के से मल कर स्टीमुलेट करती है<br>शिशु की स्थिति दोबारा ठीक करती है और साँस का दोबारा आकलन करती है। | 1 | |
| 8. | अगर शिशु अभी भी साँस नहीं ले रहा है तो 30 सैकेण्ड तक बैग और मॉस्क से शिशु को साँस दिलवाती है और यह सुनिश्चित करती है कि छाती हर साँस के साथ फूल/उठ रही है। | 1 | |
| 9. | पुनर्जीवन (वेन्टिलेशन) के 30 सैकेण्ड हो जाने पर शिशु की साँस का पुनः आकलन करती है। | 1 | |
| 10. | अगर अभी भी शिशु साँस नहीं ले रहा है तो बैग और मॉस्क से साँस देना जारी रखती है और बैग में ऑक्सीजन लगा कर शिशु के दिल की धड़कन की जाँच करती है। | 1 | |
| 11. | अगर शिशु अभी भी साँस नहीं ले रहा है तो बैग और मॉस्क से साँस देते हुए एक उच्च केन्द्र पर रेफर करती है। | 1 | |
| 12. | यदि किसी भी समय शिशु साँस लेना शुरू कर देता है, तो उसको निगरानी/देखभाल के लिए रखती है। | 1 | |

*कुशलता के अंक = 9/12 (75%)*

*प्रतिभागी के अंक = ................../12*

*परिणाम–कुशल/सुधार की ज़रूरत है (उचित परिणाम पर गोला बनाएँ)*

स्टेशन 3ः प्रसव पूर्व जटिलताओं का प्रबंधन

| प्रश्न संख्या | उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 1 | एक्लैम्पसिया | 2 |
| 2 | इंजेक्शन मैग्नीशियम सल्फेट | 2 |
| 3 | चरण 1 – लोडिंग डोज़<br>आईवी–4 ग्राम (4 amp=8 ml) + 12 ml NS/DW = 20 ml 20%<br>– 5 से 10 मिनट में देंगे<br>आईएम – 5 ग्राम–5 ग्राम (10ml-10ml) + 1-1 ml 2%<br>लिडोकेन डीप आईएम हर कूल्हे में देंगे | 1 |
| | चरण 2 – डिलीवरी या आखिरी दौरा जो भी बाद में हो, से लेकर 24 घंटों तक | 1 |
| | चरण 3 – 5 ग्राम (50% = 10 ml) हर 4 घंटों पर हर बार अलग कूल्हे पर | 1 |
| | चरण 4 – पटेलर रिफ्लैक्स – नहीं है<br>सांस की दर – 16 से कम है<br>यूरीन आउटपुट – 30 ml/घंटा से कम है | 1 |

*कुशलता के अंक = 6/8 (75%)*

*प्रतिभागी के अंक = ................../8*

*परिणाम–कुशल/सुधार की ज़रूरत है (उचित परिणाम पर गोला बनाएँ)*

*नोटः प्रतिभागी द्वारा प्राप्त अंक लिखें और सुझाये गये कुशलता के अंक के अनुसार उचित परिणाम पर गोला लगायें। ऐसा हर स्टेशन के स्कोर के लिए करें।*

स्टेशन 4: प्रसव–पश्चात् जटिलताओं का प्रबंधन

प्रश्न 1: सही उत्तर के लिए 2 अंक दीजिए। सही उत्तर प्रसव–पश्चात् रक्तस्त्राव (पीपीएच)

प्रश्न 2: प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक दीजिये।

| प्र.सं. | उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 1. | हाँ | 1 |
| 2. | नहीं | 1 |
| 3. | नहीं | 1 |
| 4. | हाँ | 1 |
| 5. | हाँ | 1 |
| 6. | हाँ | 1 |
| 7. | नहीं | 1 |
| 8. | नहीं | 1 |
| 9. | हाँ | 1 |

प्रश्न 3: सही उत्तर इन्जैक्शन ऑक्सीटोसिन के लिए 1 अंक दीजिये

*कुशलता के अंक = 9/12* ***(75%)***

*प्रतिभागी के अंक = ................... /12*

*परिणाम–कुशल/सुधार की ज़रूरत है (उचित परिणाम पर गोला बनाएँ)*

| स्टेशन | कार्य | कुशलता का स्कोर | प्रतिभागी का स्कोर | परिणाम (कुशल / सुधार की ज़रूरत है) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एएमटीएसएल | 8 / 10 | | |
| 2. | नवजात का रीससिटेशन | 9 / 12 | | |
| 3. | प्रसव पूर्व जटिलताओं का प्रबन्धन | 6 / 8 | | |
| 4. | प्रसव–पश्चात् जटिलताओं का प्रबन्धन | 9 / 12 | | |